**4. विभिन्न संस्थानों के पाठ्यक्रमों में उपलब्ध सीटें :**

विभिन्न संस्थानों के पाठ्यक्रमों तथा उपलब्ध सीटों की संख्या का विवरण परिशिष्ट-1 की सारणी-1, सारणी-2 एवं सारणी-3 में दिया गया है। बिहार सरकार / भारत सरकार द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों / शाखाओं / विषयों में, सीटों की कुल संख्या में फेर-बदल करने पर तद्नुसार जानकारी नामांकन हेतु साक्षात्कार / कॉउन्सेलिंग के पूर्व दे दी जायेगी।

**5. परीक्षा के विषय तथा परीक्षा की अवधि :**

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश)-2025 के लिये अभियंत्रण एवं पारा मेडिकल पाठ्यक्रम ग्रुपों के लिए अलग-अलग एक प्रश्न पत्र में परीक्षा देनी होगी। ये प्रश्न पत्र वस्तुपर (Objective) तथा दो घंटे पन्द्रह मिनट की अवधि के होंगे।

**5.1 अभियंत्रण पाठ्यक्रम ग्रुप :** अभियंत्रण पाठ्यक्रम ग्रुप में कुल तीन विषय खंड होंगे- यथा (i) गणित, (ii) इंजीनियरिंग मेकेनिक्स एवं (iii) अंग्रेजी। **प्रत्येक खंड में चार-चार अंक के 50 प्रश्न रहेंगे। प्रत्येक गलत उत्तर के लिये एक अंक की कटौती की जायेगी।**

प्रश्न पत्र के विषय खंड, प्रश्न संख्या, पूर्णांक तथा परीक्षा की अवधि निम्नलिखित होगी :

| विषय खंड | प्रश्न संख्या | पूर्णांक | परीक्षा की अवधि | समय |
|---|---|---|---|---|
| (i) गणित | 50 | 200 | | |
| (ii) इंजीनियरिंग मेकेनिक्स | 50 | 200 | 2 घंटा 15 मिनट | 2.00 अपराह्न से 4.15 अपराह्न |
| (iii) अंग्रेजी | 50 | 200 | | |

**5.2 पारा मेडिकल पाठ्यक्रम ग्रुप :** पारा मेडिकल पाठ्यक्रम ग्रुप में कुल तीन विषय खंड होंगे - यथा (i) एनाटौमी एवं फिजियोलौजी, (ii) पैथोलौजी, माइक्रोबायलौजी एवं बायो केमेस्ट्री और (iii) अंग्रेजी। **प्रत्येक खंड में चार-चार अंक के 50 प्रश्न रहेंगे। प्रत्येक गलत उत्तर के लिये एक अंक की कटौती की जायेगी।**

प्रश्न पत्र के विषय खंड, प्रश्न संख्या, पूर्णांक तथा परीक्षा की अवधि निम्नलिखित होगी :

| विषय खंड | प्रश्न संख्या | पूर्णांक | परीक्षा की अवधि | समय |
|---|---|---|---|---|
| (i) एनाटौमी , फिजियोलौजी | 50 | 200 | | |
| (ii) पैथोलौजी, माइक्रोबायलौजी एवं बायो केमेस्ट्री। | 50 | 200 | 2 घंटा 15 मिनट | 2.00 अपराह्न से 4.15 अपराह्न |
| (iii) अंग्रेजी | 50 | 200 | | |

**5.3 फार्मेसी पाठ्यक्रम ग्रुप :** फार्मेसी पाठ्यक्रम ग्रुप में कुल तीन विषय खंड होंगे - यथा (i) Pharmaceutics-I + अन्य विषय (खंड-I), (ii) Pharmaceutics-II + अन्य विषय (खंड-II),और (iii) अंग्रेजी। **प्रत्येक खंड में चार-चार अंक के 50 प्रश्न रहेंगे। प्रत्येक गलत उत्तर के लिये एक अंक की कटौती की जायेगी।**

प्रश्न पत्र के विषय खंड, प्रश्न संख्या, पूर्णांक तथा परीक्षा की अवधि निम्नलिखित होगी :

| विषय खंड | प्रश्न संख्या | पूर्णांक | परीक्षा की अवधि | समय |
|---|---|---|---|---|
| (i) Pharmaceutics-I, Pharmaceutical Chemistry-I, Pharmacognosy, Human Anatomy and Physiology, Biochemistry and Clinical Pathology, Health Education and Community Pharmacy. | 50 | 200 | | |
| (ii) Pharmaceutics-II, Pharmaceutical Chemistry-II, Pharmacology and Toxicology, Pharmaceutical Jurisprudence, Drug Store and Business Management, Hospital and Clinical Pharmacy. | 50 | 200 | 2 घंटा 15 मिनट | 2.00 अपराह्न से 4.15 अपराह्न |
| (iii) अंग्रेजी | 50 | 200 | | |

**6. परीक्षा के पाठ्यक्रम :**

परीक्षा के लिये विषयानुसार पाठ्यक्रम (मार्गदर्शक) परिशिष्ट-2(i), परिशिष्ट-2(ii) एवं परिशिष्ट-2(iii) में दिये गये हैं। परीक्षा के प्रश्न सामान्यत: अभियंत्रण स्नातक, पारा मेडिकल स्नातक एवं फार्मेसी स्नातक के प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम के स्तर के होंगे। परीक्षा में प्रश्न अंग्रेजी में पूछे जायेंगे और उसके नीचे उनका हिन्दी अनुवाद होगा। पूछे जानेवाले प्रश्न वस्तुनिष्ठ (Objective) होंगे।

**7. आवेदन प्रपत्र, विवरण पुस्तिका एवं परीक्षा शुल्क :** BCECE[LE]-2025 में सम्मिलित होनेवाले अभ्यर्थी विवरण पुस्तिका (Prospectus) पर्षद के Website : bceceboard.bihar.gov.in से Download कर प्राप्त कर सकते हैं। Online आवेदन भरने हेतु अभ्यर्थी पर्षद के उक्त वेबसाईट पर जा कर "Online Application Portal of BCECE(LE)-2025" Link पर Click कर "Apply Online for BCECE(LE)-2025" button पर click करें। इसके उपरान्त आवेदन प्रपत्र भरने हेतु जो निर्देश (Instruction) दिखेगा, उसे अभ्यर्थी अच्छी तरह पढ़ एवं समझ लें।